**साहित्य अकादेमी**
रवीन्द्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग
नई दिल्ली 110 001

**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**

दूरभाष : 23386623, 23387064
फैक्स : 23382428
ई-मेल : secy@ndb.vsnl.net.in

सा.अ./61/15/सा.अ.पु./प्रे.वि./

17 दिसंबर 2015

## प्रेस विज्ञप्ति
## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2015 घोषित

नई दिल्ली, 17 दिसंबर 2015; साहित्य अकादेमी ने आज 23 भाषाओं में अपने वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार की घोषणा की। छह कविता-संग्रह, छह कहानी-संग्रह, चार उपन्यास, दो निबंध-संग्रह, दो नाटक, दो समालोचना और एक संस्मरण के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार घोषित किए गए। बाङ्ला का पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा।

अपने कविता-संग्रहों के लिए पुरस्कृत 6 कवि हैं : ब्रजेन्द्र कुमार ब्रह्म (बोडो), ध्यान सिंह (डोगरी), रामदरश मिश्र (हिन्दी), के.वी. तिरुमलेश (कन्नड), क्षेत्री राजन (मणिपुरी) और रामशंकर अवस्थी (संस्कृत)।

अपने कहानी-संग्रहों के लिए पुरस्कृत 6 कहानीकार हैं : कुल सेइकिया (असमिया), मनमोहन झा (मैथिली), गुप्त प्रधान (नेपाली), विभूति पट्टनायक (ओड़िया), माया राही (सिन्धी) और वोल्गा (तेलुगु)।

साइरस मिस्त्री (अंग्रेज़ी), के.आर. मीरा (मलयाळम्), जसविन्दर सिंह (पंजाबी) और मधु आचार्य 'आशावादी' (राजस्थानी) को उनके उपन्यास हेतु पुरस्कृत किया गया।

रसिक शाह (गुजराती) और ए. माधवन (तमिळ) को उनके निबंध के लिए और उदय भेंब्रे (कोंकणी), रबिलाल टुडू (संताली) को नाटक के लिए तथा बशीर भद्रवाही (कश्मीरी), शमीम तारिक (उर्दू) को समालोचना के लिए और अरुण खोपकर (मराठी) को संस्मरण के लिए पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कारों की अनुशंसा 23 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों द्वारा की गई तथा साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया।

इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। नियमानुसार कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों के बहुमत के आधार पर अथवा सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तकों के लिए आज पुरस्कारों की घोषणा की है। पुरस्कार 1 जनवरी 2009 से 31 दिसम्बर 2013 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिया गया है।

साहित्य अकादेमी पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। घोषित पुरस्कार 16 फ़रवरी 2016 को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में दिए जाएँगे।

(के. श्रीनिवासराव)

**संलग्नक :** पुरस्कार के लिए चुने गए रचनाकारों की सूची 'क'
निर्णायक मंडल के सदस्यों की सूची 'ख'

**प्रकाशन/प्रसारण हेतु जारी**

सूची 'क'

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2015

| भाषा | शीर्षक एवं विधा | रचनाकार |
|---|---|---|
| असमिया | **आकाशर छबि आरु अन्यान्य गल्प** (कहानी) | कुल सेइकिया |
| बोडो | **बायदि देंखो बायदि गाब** (कविता) | ब्रजेन्द्र कुमार ब्रह्म |
| डोगरी | **परछामें दी लोऽ** (कविता) | ध्यान सिंह |
| अंग्रेज़ी | **करानिकल आफ ए कार्पस बीरर** (उपन्यास) | साइरस मिस्त्री |
| गुजराती | **अंते आरंभ** (खंड I और II) (निबंध) | रसिक शाह |
| हिन्दी | **आग की हँसी** (कविता) | रामदरश मिश्र |
| कन्नड | **अक्षय काव्य** (कविता) | के.वी. तिरुमलेश |
| कश्मीरी | **जमिस त कशीरी मंज कशीर नातिया अदबुक तवारिख** (समालोचना) | बशीर भद्रवाही |
| कोंकणी | **कर्ण पर्व** (नाटक) | उदय भेंब्रे |
| मैथिली | **खिस्सा** (कहानी) | मनमोहन झा |
| मलयाळम् | **अराचार** (उपन्यास) | के.आर. मीरा |
| मणिपुरी | **अहिङ्ना येकशिल्लिबा मङ** (कविता) | क्षेत्री राजन |
| मराठी | **चलत्-चित्रव्यूह** (संस्मरण) | अरुण खोपकर |
| नेपाली | **समयका प्रतिविम्बहरू** (कहानी) | गुप्त प्रधान |
| ओड़िया | **महिषासुर मुहन** (कहानी) | विभूति पट्टनायक |
| पंजाबी | **मात लोक** (उपन्यास) | जसविन्दर सिंह |
| राजस्थानी | **गवाड़** (उपन्यास) | मधु आचार्य 'आशावादी' |
| संस्कृत | **वनदेवी** (काव्य) | रामशंकर अवस्थी |
| संताली | **पारसी खातिर** (नाटक) | रबिलाल टुडू |
| सिन्धी | **मँहगी मुर्क** (कहानी) | माया राही |
| तमिळ | **इलक्किया सुवडुकळ** (निबंध) | ए. माधवन |
| तेलुगु | **विमुक्त** (कहानी) | वोल्गा |
| उर्दू | **तसव्वुफ और भक्ति (तनकीदी और तकाबुली मुतलीया)** (समालोचना) | शमीम तारिक |

---

**टिप्पणी :** बाङ्ला का पुरस्कार बाद में घोषित किया जायेगा।

सूची 'ख'

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2015 के लिए चयन समिति के सदस्यों की सूची

### असमिया
1. श्री गंगापद चौधरी
2. श्रीमती निरुपमा बोरगोहाई
3. डॉ. नमिता डेका

### बोडो
1. श्री गोविन्द नार्जारी
2. डॉ. इन्दिरा बोरो
3. श्री मिहिर कुमार ब्रह्म

### डोगरी
1. श्री चमन अरोड़ा
2. श्री प्रकाश प्रेमी
3. श्री एन.डी. जम्वाल

### अंग्रेज़ी
1. प्रो. अवधेश कुमार सिंह
2. सुश्री नमिता गोखले
3. डॉ. तेमसुला आओ

### गुजराती
1. डॉ. चन्द्रकान्त शेत
2. प्रो. प्रबोध पारिख
3. प्रो. महेश चंपकलाल

### हिन्दी
1. प्रो. महेन्द्र मधुकर
2. डॉ. माधव कौशिक
3. प्रो. रामजी तिवारी

### कन्नड
1. श्री जी.एन. रंगानाथ राव
2. श्रीमती हेमा पाट्टनशेट्टी
3. श्री रघुवेन्द्र पाटिल

### कश्मीरी
1. श्री मोहम्मद युसूफ तेंग
2. श्री माखन लाल कंवल
3. सुश्री नसीम शफई

### कोंकणी
1. श्री बस्ती वमन शिनॉय
2. श्री माधव बोरकर
3. श्री एन. पुरुषोत्तम माल्लया

### मैथिली
1. डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र
2. डॉ. इन्द्रकान्त झा
3. डॉ. माधुरी झा

### मलयाळम्
1. श्री आशा मेनन
2. प्रो. एम.के. सानू
3. डॉ. वी. राजाकृष्णन

### मणिपुरी
1. डॉ. काङ्जम इबोहल सिंह
2. श्री ख. प्रकाश सिंह
3. श्री आर.के. जितेन्द्रजीत सिन्हा

### मराठी
1. श्री अरुण साधु
2. प्रो. दिगम्बर पाद्ये
3. श्री एन.डी. महानोर

### नेपाली
1. श्रीमती बिन्दया सुब्बा
2. श्री कृष्ण प्रधान
3. डॉ. महेन्द्र पी. लामा

### ओड़िया
1. श्री हर प्रसाद दास
2. डॉ. प्रतिभा सतपथी
3. प्रो. राज किशोर मिश्र

### पंजाबी
1. प्रो. मंजीत सिंह
2. प्रो. आर.एस. भट्टी
3. श्री सुरजीत पातर

### राजस्थानी
1. श्री अम्बिकादत्त
2. डॉ. भगवती लाल व्यास
3. श्री मालचन्द तिवाड़ी

### संस्कृत
1. डॉ. एन.पी. उन्नी
2. प्रो. राधाकान्त ठाकुर
3. प्रो. उमा सी. वैद्य

### संताली
1. श्री भोगला सोरेन
2. डॉ. नकु हांसदा
3. श्री पृथ्वी माझी

### सिन्धी
1. श्रीमती कला प्रकाश
2. प्रो. नामदेव ताराचंदानी
3. श्री नन्द छुगाणी

### तमिळ
1. डॉ. के. चेल्लप्पन
2. श्री नंजिल नाडन
3. डॉ. सिर्पी बालसुब्रह्मण्यम

### तेलुगु
1. डॉ. ए. मंजुलता
2. डॉ. जी. योहन बाबू
3. डॉ. के. रामचन्द्र मूर्ति

### उर्दू
1. प्रो. अब्दुस समद
2. प्रो. अख्तरउलवासे
3. श्री पृतपाल सिंह बेताब